Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 3 | निजी, सार्वजनिक एवं भूमंडलीय उपक्रम

QUIZ PART-04

1. **स्वतंत्रता के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य क्या था?**
   A. निजी उद्योगों को बढ़ावा देना
   B. आय–सम्पत्ति का समान वितरण
   C. विदेशी व्यापार बढ़ाना
   D. कृषि उत्पादन बढ़ाना (B)

*व्याख्या :* सार्वजनिक क्षेत्र का लक्ष्य समाज के विभिन्न वर्गों में आय और संपत्ति का समान वितरण सुनिश्चित करना था।

2. **आधारभूत ढाँचे के विकास की आवश्यकता क्यों पड़ी?**
   A. निजी क्षेत्र अत्यधिक सक्षम था
   B. स्वतंत्रता से पहले ढाँचा पर्याप्त विकसित था
   C. औद्योगिकीकरण के लिए आधारभूत सुविधाएँ आवश्यक थीं
   D. विदेशों में निवेश करना था (C)

*व्याख्या :* परिवहन, संचार, बिजली, ईंधन और बड़े उद्योगों के लिए आधारभूत सुविधाएँ आवश्यक थीं, जिन्हें सरकार ही विकसित कर सकती थी।

3. **निम्न में से किस क्षेत्र में निजी क्षेत्र निवेश करने से झिझकता था?**
   A. वस्त्र उद्योग B. भारी उद्योग
   C. खाद्य सामग्री D. उपभोक्ता वस्तुएँ (B)

*व्याख्या :* भारी पूँजी और जटिल तकनीक की आवश्यकता होने से निजी क्षेत्र भारी उद्योगों में निवेश से बचता था।

4. **क्षेत्रीय संतुलन का उद्देश्य क्या था?**
   A. केवल शहरों का विकास
   B. आर्थिक शक्तियों का केंद्रीकरण
   C. पिछड़े क्षेत्रों का विकास
   D. उद्योगों का निजीकरण (C)

*व्याख्या :* देश में क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने और पिछड़े क्षेत्रों को विकसित करने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र का उपयोग किया गया।

5. **बड़े पैमाने की बचत किसके माध्यम से संभव हुई?**
   A. छोटे उद्योगों के विस्तार से
   B. ग्रामीण रोजगार से
   C. बड़े पैमाने के सार्वजनिक उपक्रमों से
   D. निजी कंपनियों के सहयोग से (C)

*व्याख्या :* बिजली संयंत्र, गैस, पेट्रोलियम आदि जैसे बड़े उपक्रमों के कारण बड़े पैमाने की बचत संभव हुई।

6. **आर्थिक शक्ति के केंद्रीकरण को रोकने के लिए कौन-सा उपाय अपनाया गया?**
   A. निजी उद्योगों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाना
   B. सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत बनाना
   C. विदेशी निवेश बढ़ाना
   D. करों में वृद्धि (B)

*व्याख्या :* कुछ उद्योगों में निजी एकाधिकार बढ़ने से रोकने के लिए सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र का विस्तार किया।

7. **आयात प्रतिस्थापन का उद्देश्य क्या था?**
   A. आयात बढ़ाना
   B. विदेशी मुद्रा भंडार कम करना
   C. देश को आत्मनिर्भर बनाना
   D. निर्यात प्रतिबंधित करना (C)

*व्याख्या :* कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने और विदेशी आयात पर निर्भरता घटाने हेतु आयात प्रतिस्थापन नीति अपनाई गई।

8. **दूसरी व तीसरी पंचवर्षीय योजना का एक प्रमुख लक्ष्य क्या था?**
   A. बेरोजगारी बढ़ाना
   B. कृषि पर निर्भरता कम करना
   C. आयात के विकल्प देश में तैयार करना
   D. निजीकरण को बढ़ावा देना (C)

*व्याख्या :* इन योजनाओं में भारत को कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना और आयात पर निर्भरता घटाना प्रमुख उद्देश्य था।

9. **भारी निवेश को दिशा देने का कार्य किसके द्वारा किया गया?**
   A. निजी क्षेत्र B. अंतरराष्ट्रीय संस्थान
   C. सार्वजनिक क्षेत्र D. सहकारी समिति (C)

*व्याख्या :* होटल, परियोजना प्रबंधन, परामर्श, इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में भारी निवेश को दिशा सार्वजनिक क्षेत्र ने दी।

10. **सार्वजनिक क्षेत्र के विस्तार का औद्योगिकीकरण पर क्या प्रभाव पड़ा?**
    A. औद्योगिकीकरण की गति धीमी हुई
    B. औद्योगिकीकरण में बड़े पैमाने पर योगदान मिला
    C. निजी उद्योग बंद हो गए
    D. विदेशी निवेश रुक गया (B)

*व्याख्या :* सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा भारी उद्योगों, आधारभूत ढाँचे और ऊर्जा क्षेत्र के विकास से औद्योगिकीकरण की गति तेज हुई।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जो चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App